# शिक्षा के साथ सेवा भाव और संस्कार भी जरूरी : अरुण यादव

## सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय बोरावां में प्रवेशोत्सव मनाया, नए एडमिशन लेने वाले छात्र-छात्राओं का किया स्वागत




नवभारत न्यूज

**खरगोन।** सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय, बोरावा में प्राचार्य डॉ. एन.पी. मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार 1 अगस्त को नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत के लिए प्रवेश उत्सव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) अभिमुखीकरण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवागत विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें कॉलेज की शैक्षणिक परंपराओं, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों से परिचित कराया ।

### युवा विकसित भारत के निर्माण का आधार

संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री अरुण यादव द्वारा विद्यार्थियों को प्रेषित अपने प्रेरक संदेश में कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और श्रेष्ठ व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से समय का सदुपयोग करते हुए अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सतत परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति का संकल्प लेने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि आज का युवा विकसित भारत के निर्माण का सबसे बड़ा आधार है और महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है ।

प्राचार्य डॉ. एन.पी. मिश्रा ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की उपलब्धियों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से महाविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. सावन धनगर ने किया। इस अवसर पर प्रो. रानू यादव, प्रो. दिव्या यादव, प्रो. माया यादव, डॉ. मोनिका अग्रवाल सहित महाविद्यालय का समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी वर्ग तथा बड़ी संख्या में नव प्रवेशित विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साह, प्रेरणा एवं सकारात्मक ऊर्जा के वातावरण में संपन्न हुआ।

### विद्यार्थी जीवन सीखने और व्यक्तित्व निर्माण का स्वर्णिम काल

मुख्य अतिथि डॉ. अनिता शुक्ला, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, खरगोन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन सीखने, नवाचार और व्यक्तित्व निर्माण का स्वर्णिम काल है। उन्होंने वैज्ञानिक सोच, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील बनाते हुए नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रभावी मंच है।

## एक नजर में

### पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में मनाया गुरु पर्व

**सनावद।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सनावद में 29 जुलाई 2026 को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि संदीपानी गुरु पर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम, छात्रों ने माता सरस्वती और महर्षि संदीपानी के चित्रों पर फूल चढ़ाए और दीप प्रज्वलित किए। सरस्वती वंदना के बाद, छात्रों ने शिक्षकों का स्वागत किया। सीजी प्रकोल्य ने अपने जीवन और गुरु-शिष्य परंपरा के बारे में बताया। यांत्रिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. के.एस. गाडगे, व्याख्याता विकेंद्र मोरानिया और श्री राजिल नाइक ने छात्रों को भगवान कृष्ण और विज्ञान के विषयों पर केंद्रित भगवान कृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना के बारे में जानकारी दी।

### एकलव्य विद्यालय-अस्पताल का किया निरीक्षण



**झिरन्या।** झिरन्या विकासखंड के ग्राम मारुगढ़ स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का शनिवार को खरगोन कलेक्टर गुरु प्रसाद ने निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर, छात्रावास, शैक्षणिक व्यवस्थाओं एवं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, झिरन्या पहुंचकर अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के पत्रकारों ने कलेक्टर को विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर गुरु प्रसाद ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के अधिकारी, विद्यालय एवं स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भागीरथ कांवड़ यात्रा निकलेगी आज

**खरगोन।** श्री क्षत्रिय सगरवंशी माली समाज युवा संगठन द्वारा रविवार को लगातार चौथे वर्ष श्री भागीरथ कांवड़ यात्रा निकालेगा। की यात्रा को भव्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। इस यात्रा के लिए सांसद, विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, थाना प्रभारी, पुलिस अधीक्षक आदि को आमंत्रण पत्र भेजे गए है। संगठन के अध्यक्ष सूरज सोलंकी ने बताया कि यह पवित्र कांवड़ यात्रा 2 अगस्त को श्री रिद्धि-सिद्धि गणेश मंदिर जैतापुर से शुरु होगी। भक्तगण पैदल कांवड़ लेकर प्राचीन मेलडेश्वर महादेव मंदिर टेमला रोड़ पहुंचकर यहां विराजित भगवान मेलडेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। संगठन ने समाज के सभी बंधुओं, मातृशक्ति और युवाओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कांवड़ यात्रा को सफल बनाएं।

### शस्त्र कला प्रशिक्षण शिविर शुरू



**खरगोन।** शहर की दामखेड़ा कॉलोनी सत्य नगर में वीर बजरंगी अखाड़ा द्वारा गुरु पूर्णिमा पर पारंपरिक शस्त्र कला प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। गुरु पूजन एवं शस्त्र पूजन के साथ शुरू हुए इस शिविर में युवाओं, बालकों और महिलाओं को लाठी, तलवारबाजी जैसे पारंपरिक शस्त्र संचालन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें आत्मरक्षा के गुर सिखाना शिविर का अंग है। अखाड़ा प्रबंधन के रजत करोसिया ने बताया शिविर में शारीरिक दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है। बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष आत्मरक्षा सत्र भी आयोजित किए जा रहे है, जिससे वे किसी भी विषम परिस्थिति का सामना करने में सक्षम बन सकें। यह प्रशिक्षण दमखेड़ा कॉलोनी पानी की टंकी के पास प्रतिदिन शाम 7 से रात 9 बजे तक दिया जा रहा है। इच्छुक नागरिक और युवा शिविर में भाग लेने के लिए स्थल पर आकर पंजीकरण करा सकते हैं। शिविर की शुरूआत विभाग मंत्री मनोज वर्मा ने हनुमान जी आरती के साथ की। शिविर में प्रमुख कार्यकर्ता रजत करोसिया, शिवम राजपूत, गणेश गौड़, विजय चौहान, करण करोसिया, लखन राठोड़, कार्तिक चौहान, देव सोलंकी, शुभम जादव आदि कार्यकर्ता सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

### शिव-पार्वती विवाह से गूंजी धर्मशाला

**खरगोन।** भगवान शिव-माता पार्वती का विवाह सनातन धर्म का सबसे पवित्र और मंगलकारी प्रसंग है। यह सृष्टि के कल्याण व आसुरी शक्तियों के नाश के लिए हुआ। शिव पुराण सनातन धर्म का एक अत्यंत पवित्र और महान ग्रंथ है, जिसमें भगवान शिव के कल्याणकारी स्वरूप, उनकी महिमा और उपासना का विस्तृत वर्णन किया गया है। इसे पढने् और सुनने से मनुष्य को धर्म, अर्थ, काम और मोक्षकृइन चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति होती है। ये बातें भावसार धर्मशाला में शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस व्यास पीठ से

## स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**गोगावा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोगावा में सीएचओ, आशा एवं आशा सहयोगिनियो की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएमओ डॉक्टर अहमद रजा खान द्वारा सभी स्वास्थ प्रोग्राम की समीक्षा की गई। इसम 70 वर्ष और अधिक आयु के पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने एवं उसकी प्रगति, सिकल सेल की जांच अधिक से अधिक करने हितग्राहियों की ई-केवाईसी समय पर करें।

गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीयन अनमोल पोर्टल पर करने, उनकी चार जांचे समय से करना। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उसको अनमोल पोर्टल में एंट्री करना एवं उनका मैनेजमेंट करना। सभी डिलेवरी शासकीय अस्पताल मैं करवाना । डी सी एम अशीष पवार द्वार बताया गया कि दस्तक अभियान के अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के बच्चों का सर्वे, स्क्रीनिंग, आईईसी गतिविधियाँ करना सुनिश्चित करने के निर्देश। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। अभियान 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा। बैठक में मलेरिया निरीक्षक अशोक कुशवाह ने बताया कि माह अगस्त को जीरो लार्वा अभियान के रूप में मनाना हैं जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्राम व घर मे मच्छरों के लार्वा का पूर्ण उन्मूलन करना ,जिसके तहत प्रत्येक मैदानी कार्यकर्ता अपने क्षेत्र की सभी स्कूलों में बच्चो को लार्वा नास्टिकर के बारे में बताते व ग्राम में जन जागरूकता संबंधित गतिविधियों को जारी रखे।

## सावन में नाका पैनल करेगा कांवड़ यात्रियों का स्वागत

नवभारत न्यूज

**कसरावद ।** देवाधिदेव महादेव की आराधना के पावन श्रावण माह के साथ ही क्षेत्र में कांवड़ यात्रियों का आना शुरू हो गया है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु नावड़ाटौड़ी के मां नर्मदा के पावन तट से जल भरकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक के लिए रवाना हो रहे हैं।

ऐसे श्रद्धालुओं की सेवा के लिए नगर के छोटा नाका स्थित नाका पैनल ने पूरे श्रावण माह में प्रतिदिन स्वागत एवं स्वल्पाहार सेवा का संकल्प लिया है। नाका पैनल के अजय मंडलोई ने बताया कि श्रावण माह के दौरान छोटा नाका मार्ग से गुजरने वाली प्रत्येक कांवड़ यात्रा का आत्मीय स्वागत किया जाएगा। श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार, शीतल पेयजल की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि शिवभक्तों की सेवा ही भगवान भोलेनाथ की सच्ची आराधना है और इसी भावना के साथ यह सेवा अभियान पूरे श्रावण माह तक निरंतर जारी रहेगा। शनिवार को बोरावां से आए कांवड़ यात्रियों का दल शालिवाहन नर्मदा तट से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर छोटा नाका पहुंचा। यहां नाका पैनल के सदस्यों ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा उन्हें स्वल्पाहार एवं पेयजल की सेवा की। श्रद्धालुओं ने सेवा भाव की सराहना करते हुए आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों का आभार व्यक्त कर कहा कि श्रावण माह में प्रतिदिन बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री यहां से गुजरते है और नाका पैनल द्वारा की जा रही यह सेवा कार्य सराहनीय पहल हैं।

## भीकनगांव-झिरन्या सड़क निर्माण अधूरा, दो पुलों की मंजूरी अटकी



**झिरन्या।** सड़क भीकनगांव से झिरन्या के बीच 39 किमी लंबी सड़क बन रही है। लागत करीब 70 करोड़ रुपए है, लेकिन काम धीमी गति से चल रहा है। सड़क पर 2 बड़े पुल बनने हैं। पुलों की प्रशासनिक स्वीकृति 1 साल से ज्यादा समय से नहीं मिली है।

पुल नहीं बनेंगे तो सड़क का भी कोई फायदा नहीं होगा। दोनों पुलों के लिए 39 करोड़ की डीडीआर बन चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बेडिया में दोनों पुलों के लिए 94 करोड़ की घोषणा भी की थी। लेकिन फाइल अभी अटकी है। सिकंदर सोलंकी गांव के पास नांद मंदिर से अस्पताल मार्ग तक सड़क बहुत खराब है। सुधार के नाम पर सिर्फ मुरम डाल दी गई, जिससे हादसे का खतरा बढ़ गया है।- श्यामलाल साहू और रमेश राठौर का कहना है कि बारिश के कारण निर्माण रुका है और कीचड़-गड्ढों से लोगों को दिक्कत हो रही है।

## डीआईजी से मिली प्रधानमंत्री जन जागरण अभियान की जिला टीम

**बिस्टान ।** श्रावण माह मे कावड़ यात्राओं को लेकर प्रधानमंत्री जन जागरण अभियान के जिला अध्यक्ष डॉ. कांति राठौड़, जिलामंत्री राजेंद्र कुश्वाह, खरगोन मंडल अध्यक्ष जय शिव सेन, मंत्री राकेश वास्कले, उपाध्यक्ष आशीष सोनी, गोगवा मण्डल अध्यक्ष अनिल चौहान और जिला मिडिया प्रभारी डॉ मनोज मालवीया ओर उनकी टीम के द्वारा खरगोन जिले की डीआईजी मैडम सिमला प्रसाद से मुलाकात की।



इस दौरान निकलने वाली कावड़ यात्रियों के सुरक्षा प्रदान करने की बात कही थी जिसमें चारों जिलों के जिलाध्यक्ष से बात कर उनकी जानकरी निमाड़ रेंज पुलिस अधीक्षक कोई दी गई है जिसमे निकलने वाली कावड़ यात्राओं को सुरक्षित व्यवस्थित और शांतिपूर्ण बनाने के उद्देश्य निमाड़ रेंज पुलिस अधीक्षक ने अभिनव पहल करते हुए कावड़ सुरक्षा कवच अभियान शुरू किया है। पुलिस उप महानिरीक्षक सीमला प्रसाद के निर्देश पर खरगोन खंडवा बड़वानी और बुरहानपुर जिलों की पुलिस द्वारा कावड़ यात्री समितियां और श्रद्धालुओं से समन्वय स्थापित कर सुरक्षा कवच वितरित किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से समिति और आयोजन का नाम मोबाइल नंबर जिला व सदस्यों का विवरण दर्ज किया गया है साथ ही कार्ड में यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले अस्पतालों, पुलिस कंट्रोल रूम, स्थानीय पुलिस सहायता नंबर कावड़ यात्रा के रूट का नक्शा, भोजन, पानी की व्यवस्था और विश्राम स्थलों की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है ताकि आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता मिल सके । चार जिलों मे श्रावण मास के दौरान कुल 235 छोटी बड़ी कावड़ यात्राएं प्रस्तावित है इनमें सबसे अधिक 100 यात्राएं खरगोन में निकलेगी।

### सुरक्षा और यात्रा के विशेष निर्देश ...

अधिकारियों ने कावड़ यात्रा मार्ग प्रमुख सड़के संवेदिशील स्थान और चिन्हित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं यातायात को सुचारू और बनाए रखने के लिए भी नियंत्रण मार्गों को व्यवस्थित किए गए है।

## जैन श्वेतांबर समाज नवयुवक मंडल का गठन, अंकुश लुणिया बने अध्यक्ष

**कसरावद।** नगर के जैन श्वेतांबर समाज के नवयुवक मंडल का गठन करते हुए सर्वसम्मति से अंकुश अशोक लूणीया को मंडल का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में समाज के युवाओं ने नई कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने का संकल्प लिया।



गत दिनों दादावाड़ी परिसर में आयोजित नवयुवक मंडल की बैठक में सर्वसम्मति से अंकुश लूणीया को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद उन्होंने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि नवयुवक मंडल की पूरी टीम समाजहित एवं सामाजिक गतिविधियों में सदैव सक्रिय भूमिका निभाएगी। इसके साथ ही नवयुवक मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। कार्यकारिणी में रोहित मांडोत को उपाध्यक्ष, निखिल लूणीया को सचिव, नैमिष कवाड़ को सह सचिव, लब्धी जैन को कोषाध्यक्ष तथा अंकुश कोचर को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। वहीं अमित कोठारी को मंडल का संरक्षक बनाया गया। नवगठित कार्यकारिणी के गठन पर जैन श्वेतांबर श्रीसंघ, दादावाड़ी ट्रस्ट, महिला मंडल, बहु मंडल सहित समाज के वरिष्ठजनों एवं समाजजनों ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

## साध्वी ऋतंभरा खरगोन आएंगे कल

**महेश्वर।** धर्म, अध्यात्म और संस्कृति की पावन नगरी महेश्वर में साध्वी ऋतंभरा दीदी का 3 अगस्त सावन माह के प्रथम सोमवार को आगमन हो रहा है। दीदी मां का आगमन और सत्संग का कार्यक्रम एक लंबे अंतराल के बाद हो रहा है जिसको लेकर सनातनी ब्रिगेड और नगरवासियों में भारी उत्साह देखा जा है। साध्वी दीदी मां इस अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणादायी प्रवचन देगी ।

महेश्वर भाजपा के मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 3 अगस्त को शाम 4 से 5 बजे तक यमुना कुंज धर्मशाला में सत्संग व भजनों का कार्यक्रम होगा । महेश्वर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन के प्रमुख यजमान विधायक राजकुमार मेव तथा माहिष्मति बोल बम कावड़ यात्रा के सदस्य गण होंगे । पटेल ने आगे कहा कि सावन के पहले सोमवार को पु. दीदी मां का महेश्वर आगमन पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर दीदी दिव्य सत्संग के माध्यम से राष्ट्र धर्म हिंदू धर्म सनातन संस्कृति और हिंदुस्तान के लोगों की गौरवशाली परंपराओं को लेकर सत्संग प्रस्तुत करेंगी।

एक नजर में

ग्राम सायता में रहवासियों ने की अनुकरणीय पहल, हरियाली फैलाने का भी लिया संकल्प

## पिता की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर के साथ किया पौधारोपण

**कसरावद।** समीपस्थ ग्राम सायता में पिता के प्रथम पुण्य स्मरण दिवस पर परिवार द्वारा रक्तदान शिविर के साथ पौधारोपण कर समाज में अनुकरणीय पहल की। शनिवार को नर्मदा तट स्थित ग्राम सायता के सरपंच लोकेंद्र सिंह पटेल एवं परिवार ने नेत्रदानी स्व. हरेसिह पटेल की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगाया एवं मां नर्मदा किनारे स्थित बच्ची माय की कुटिया के परिसर में फलदार एवं छायादार पौधे लगाए।

उल्लेखनीय है कि स्व हरेसिंह पटेल के निधन पर परिवार द्वारा उनके नेत्रदान किए थे। लोकेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि स्व पिता हरेसिंह पटेल ने अपना पूरा जीवन समाजसेवा के प्रति समर्पित किया था। उनसे ही प्रेरणा पाकर हमने उनके प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर एवं पौधारोपण कार्यकम किया। इस अवसर पर श्रद्धाजलि सभा में प्रहलाद सिंह तंवर, मनोज जोशी, कैलाश दरबार, सुधीर सराफ एवं कुणाल दुबे आदि ने श्रद्धांजलि स्वरूप विचार रखे। प्रथम पुण्य स्मरण दिवस पर डॉ आशीष दुबे एवं डॉ संजय पटेल के मार्गदर्शन में विनायक बल्ड बैंक धामनोद की टीम द्वारा



रक्तदान प्रकिया कराई गई। शिविर में लगभग 35 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इसके साथ ही परिसर में 50 से अधिक फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। आयोजन में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीला पटेल ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक आत्माराम पटेल, राजेंद्र यादव, बड़वानी भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव, हेमन्त सोनी, राजीव पटेल, मांगीलाल गाडगे, सुरेन्द्र राठौर, योगेन्द्र चौहान, जयसिंह मंडलोई, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंकुश जायसवाल, जिला महामंत्री प्रकाश पाटीदार, मंडल अध्यक्ष दीपक पटेल, मनीष पाटीदार, प्रहलाद राठौर, रामेश्वर यादव, मोतीराम वर्मा, सतीश पटेल, अभिषेक भटोरे सहित बड़ी संख्या मे नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित की।

## चोरी का विरोध करने पर मालिक पर चढ़ाई कार

नवभारत न्यूज

**झिरन्या।** चिरिया क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। शुक्रवार देर रात करीब 12:45 बजे ग्राम दामखेड़ा स्थित न्यू पेट्रोल पंप के पास बोलेरो सवार अज्ञात बदमाश बकरे चोरी करने पहुंचे। उन्होंने मंगलसिंह पिता पहाड़सिंह रंधावा के घर से दो बकरों की रस्सी काट दी।

इसी दौरान घर की मालकिन की नींद खुल गई और उसने शोर मचा दिया। शोर सुनकर मंगलसिंह चोरों का पीछा करने पहुंचे तो बदमाशों ने बोलेरो उनके ऊपर चढ़ा दी। हादसे में उनके दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। वारदात के बाद आरोपी बोलेरो लेकर फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने घायल को झिरन्या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाद में परिजन बेहतर इलाज के लिए उन्हें महाराष्ट्र ले गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गणपत केनल और बीट प्रभारी मुकेश कुमरावत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज किया। संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

### ग्रामीणों ने उठाई पुलिस चौकी और रात्रि गश्त की मांग

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सचिन रंधावा ने बताया कि एक वर्ष पहले उनके घर पर भी चोरी का प्रयास हुआ था, जिसकी रिपोर्ट पुलिस में दर्ज है। घटना के बाद रौनक अग्रवाल, आकाश जायसवाल, सोनू अग्रवाल, अनिल गुप्ता, सचिन रंधावा, गणपत रंधावा, विजय रंधावा सहित ग्रामीणों ने चिरिया में पुलिस चौकी खोलने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109 सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।